न्यायालय राजस्व मण्डल,म0प्र0 ग्वालियर

समक्ष

एम0के0सिंह

सदस्य

निगरानी प्रकरण कमांक 391-दो/2015 - विरूद्ध आदेश दिनांक 04-02-2015- पारित व्दारा - कलेक्टर, जिला मुरैना - प्रकरण कमांक 13/2013-14 अपील

अशोक कुमार पुत्र जमुना दास
ग्राम सुनहरा रोड सबलगढ़
जिला मुरैना मध्य प्रदेश । ---आवेदक

विरूद्ध

प्रदीप हरेन्द्र राजे पुत्र हरेन्द्र भास्कर
मुन्शी राजे निवासी बी0आर0बोर्ड
विद्युत मण्डल भवन रेडकास बड़ौदा
तहसील व जिला बड़ौदा गुजरात ---अनावेदक

(आवेदक के अभिभाषक श्री श्रीकृष्ण शर्मा)
(अनावेदक के अभिभाषक श्री अशोक भार्गव)

आ दे श

(दिनांक 20 जनवरी, 2016 को पारित)

यह निगरानी कलेक्टर, जिला मुरैना द्वारा प्रकरण कमांक 13/2013-14 अपील में पारित आदेश दिनांक 4-2-2015 के विरूद्ध मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के अंतर्गत प्रस्तुत की गई है।

2/ प्रकरण का संँक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अनुविभागीय अधिकारी, सबलगढ़ व्दारा प्रकरण कमांक 6/1992-93/19/9 में पारित आदेश दिनांक 8-2-1995 से मंदिर श्री मुरली मनोहर जी एंव मंदिर श्री महादेव जी वांके स्थित कस्वा सलगढ़ के पुजारी पद आवेदक को नियुक्त किया। इस आदेश के विरूद्ध अपर कलेक्टर मुरैना के यहां अपील होने पर